धार्मिक अनुष्ठानों के साथ पवाजी का वार्षिक मेला संपन्न

विशाल जैन, पवाजी । बुंदलेखंड के ऐतिहासिक विश्व प्रसिद्ध श्री 1008 दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र पवागिरीजी की पावन धरा पर प्रतिवर्ष अगहन कृष्ण 2 से आयोजित होने वाला वार्षिक मेला इस वर्ष 4 दिसम्बर से 7 दिसम्बर तक धार्मिक अनुष्ठानों के साथ साआनंद संपन्न हुआ । वार्षिक मेले के पहले दिन अतिशयकारी चमत्कारी बाबा मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ स्वामी के कलशाभिषेक व पूजन से धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हुआ व अगले दिन चंदाप्रभु भगवान के महामस्तकाभिषेक का कार्यक्रम हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया । मेले के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने भगवान पार्श्वनाथ स्वामी के दरबार में माथा टेक अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने के लिए पूजा अर्चना की । दोपहर में जल बिहार कार्यक्रम के अंतर्ग श्रीजी की भव्य शोभा यात्रा गजरथ के साथ धूम धाम से निकाली गयी । मेले के अंतिम दिन क्षेत्र के प्रांगण में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने मूलनायक श्री पार्श्वनाथ स्वामी की अभिषेक, शांतिधारा, पूजा अर्चना की । दोपहर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ जिसमें कोषाध्यक्ष श्री प्रेमचंदजी ने विगत वर्ष का आय–व्यय पत्रक प्रस्तुत किया । विमानोत्सव कार्यक्रम में क्षेत्र की परिक्रमा करते हुए श्रीजी को पाण्डुक शिला पर विराजमान कर कलशाभिषेक किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र प्रबंध समिति के संरक्षक कैलाशचंद जैन, प्रदीपकुमार जैन विश्व परिवार झांसी, प्रेमचंद जैन डबरा, सुमतचंद बडेरा, मेला अध्यक्ष अभयकुमार विरधा, मेला मंत्री राजकुमार पवा, मोदी कमलकुमार व प्रचार मंत्री विनोद बैरागी के साथ अनेको श्रद्धालुजन उपस्थित रहे । संचालन क्षेत्र अध्यक्ष ज्ञानचंद पुरा ने किया ।

✽ विनम्र श्रद्धांजली ✽

✽ **श्री प्रेमचंद जैन जखौरावालों** का देव लोकगमन दि. 5 अक्टूबर 18 को भोपाल में हो गया । आप धर्मप्रेमी व सामाजिक कार्यों में विशेष रुचि रखते थे ।

✽ **श्री प्रेमचंद जैन** का देवलोकगमन दि. 14 अक्टूबर 18 को इन्दौर में हो गया । आप सरल स्वभावी व्यक्ति थे । आपने अनेको छंद व कविताओं की रचना की है ।

✽ श्री सनतकुमार जैन (बीना), अशोक व अखिलेश की माताजी **श्रीमती शांतीबाई जैन** का देवलोकगमन दि. 17 अक्टूबर 18 को इन्दौर में हो गया ।

✽ **श्री पूरनचंद सिंघई** का देवलोकगमन दि. 31 अक्टूबर 2018 को विदिशा में हो गया ।

✽ श्री शीलचंदजी जैन की धर्मपत्नी **श्रीमती विमला जैन** का देवलोकगमन 24 नवम्बर 18 को विदिशा में हो गया । आपकी धार्मिक कार्यों में विशेष रुचि रहती थी ।

✽ स्व. वीरेन्द्रकुमार जैन देवरानवालों के छोटे पुत्र **श्री सुनील जैन** का आकस्मिक देवलोकगमन दि. 25 नवम्बर 18 को इन्दौर में हो गया । आपकी स्मृति में परिजनों ने गोलालारीय समाज को 5100/– रु. व गोलालारीय दर्शन को 1100/– रु. की दानराशि भेंट की ।

✽ **श्री प्रकाशचंद जैन कसोधनवालों** का देवलोकगमन 1 दिसम्बर 18 को बबीना में हो गया । आप सरल स्वभावी व्यक्तित्व के धनी थे ।

✽ **श्री शिखरचंद जैन एडवोकेट** का देवलोकगन दि. 3 दिसम्बर 18 को झांसी मे हो गया । आप समाजसेवा कार्यों में विशेष रुचि रखते थे ।

✽ स्व. पं. खेमचंद जैन के पुत्र **श्री हुकुमचंद जैन** का देवलोकगमन दि. 10 दिसम्बर 18 को इन्दौर में हो गया । आप सरल स्वभावी एवं मिलनसार व्यक्ति थे । आपकी स्मृति में परिजनों ने गोलालारीय समाज को 11000/– रु. व गोलालारीय दर्शन को 2100/– रु. की दानराशि भेंट की ।

✽ **श्री गुलाबचन्द जैन केलवारावालों** का देवलोकगमन दि. 18 दिसम्बर 18 को ललितपुर में हो गया । आप अत्यंत सरल स्वभावी, परम स्नेही, धार्मिक कार्यों में रुचि रखने वाले व्यक्तित्व थे । ललितपुर में मुनि पुंगव सुधासागरजी महाराज के चौमासे के पश्चात आपके मन में क्षेत्रपालजी के दर्शन के प्रति विशेष भाव रहा । घर से आपके कदम स्वत: ही क्षेत्रपाल की ओर बढ़ जाते थे । जबकि आपको आंखो से कम दिखाई देता था परंतु मन के भाव आपको घर से मंदिर जाने में नहीं रोक पाते थे । आपकी स्मृति में परिजनों ने ललितपुर जैन मंदिर के लिए 11000/– रु. की दानराशि सप्रेम भेंट की ।

✽ स्व. श्री प्रेमचंद जैन मावलनवालों की धर्मपत्नी **श्रीमती पदमा जैन** का देवलोकगमन दि. 18 दिसम्बर 18 को इन्दौर में हो गया । आप धार्मिक कार्यों में विशेष रुचि रखते थे ।

गोलालारीय दर्शन परिवार की ओर से सादर श्रद्धांजलि ।

नोट – विधिवत जानकारी प्राप्त होने पर ही शोक संदेश का सचित्र प्रकाशन किया जावेगा । वाट्सएप्प नंबर 9406744064 पर जानकारी भेजे ।

भावभीनी श्रद्धांजलि

जन्म दिनांक
26.01.1924

अवसान दिनांक
18.12.2018

श्री गुलाबचन्द्र जैन (कैलवारा वाले)

:: श्रद्धानवरत ::

धर्मपत्नी – श्रीमती लक्ष्मीबाई जैन ✽ भाई – भागचन्द्र (कक्का)– उषा जैन

✽ पुत्र – आशाराम–सुधा जैन, राजेन्द्र–मंजू जैन (स्टेनो), महेन्द्र कुमार–सुनीता जैन (मैनेजर– क्षेत्रपालजी), सत्येन्द्र (छोटे)

✽ पुत्री – सरला–विमलकुमार जैन कानपुर, कल्पना–राजेन्द्र जैन, इन्दौर,

✽ भतीजा – अमितकुमार जैन, अनूपकुमार जैन ✽ भतीजी – अनीता जैन

✽ पपौत्र–पपौत्री : मनीषकुमार जैन, पवनकुमार जैन, अंशुल–रसना जैन (एसबीआई), रोहित–दीपाली जैन (यूएसए), पूनम–सौरभ जैन विदिशा, प्रियंका जैन (सेमसंग)